Dr. Kumar Purushotam Singh Nirala
MBBS, MS
State Programme Officer
Family Planning, MTP, RTI/STI

बिहार सरकार

राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार
An ISO 9001:2008 Certified Agency
स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार

पत्रांकः SHSB/GA/838/2013/..........., दिनांक......................

सेवा में,
सभी सिविल सर्जन–सह–सदस्य सचिव
जिला स्वास्थ्य समिति, बिहार

विषयः परिवार कल्याण ऑपरेशन Minilap (Under LA) संपादित करने हेतु दवा उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में।

महाशय,

परिवार कल्याण कार्यक्रम अंतर्गत बंध्याकरण ऑपरेशन की वांछित उपलब्धि प्राप्त करने हेतु आवश्यक है कि सभी स्वास्थ्य संस्थानों में ऑपरेशन संपादित करने हेतु आवश्यक दवा एवं उपकरण आवश्यक मात्रा में उपलब्ध रहे।

विदित हो कि वित्तीय वर्ष 2015–16 के PIP मद संख्या A.3.1.3 (Compensation for Female Sterilization) में Drugs and dressings हेतु ₹100/– का प्रावधान किया गया है। उक्त राशि से हीं Minilap under LA हेतु Fortwin and Phenargan injections भी आवश्यकता अनुरूप क्रय किया जाना है। अतिरिक्त आवश्यकता पड़ने पर वित्तीय वर्ष 2015–16 के PIP मद संख्या A.3.1.1 (Female Sterilization Camps) अंतर्गत भी Logistics requirement to organize camp (Comfort of Patient , Purchase of Small item) Minilap under LA हेतु उपरोक्त वर्णित दवा Fortwin and Phenargan injections का क्रय किया जा सकता है। इन दवाओं की समुचित उपलब्धता Minilap under LA के विस्तारीकरण में काफी सहायक सिद्ध होगी, जिससे महिला बंध्याकरण अत्यंत ही सरल एवं सुरक्षित हो सकेगा।

विश्वासभाजन
ह0/–
(डा0 कुमार पुरूषोत्तम सिंह निराला)

ज्ञापांकः 748 पटना, दिनांक 02/02/16

प्रतिलिपिः

– कार्यपालक निदेशक–सह–विशेष सचिव (स्वास्थ्य), राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार को कृपया सूचनार्थ समर्पित।
– सभी क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवायें, बिहार सकरार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
– सभी परिवार कल्याण नोडल पदाधिकारी, जिला स्वास्थ्य समिति, बिहार को कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

02-02-16
राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी

स्वस्थ बिहार समृद्ध बिहार